आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 10.10.2024 समय : 18.30 पीएम

000000

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से राजस्थान में उद्योगों को नई दिशा मिलेगी।
- रीट परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय बैठक–परीक्षा अगले साल जनवरी में।
- जाने माने उद्योगपति रतन टाटा का मुम्बई में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार।
- प्रदेश में मौसम मेें बदलाव के बाद कई स्थानों पर बूंदा–बांदी और हल्की बारिश।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से राजस्थान में उद्योगों को एक नई दिशा मिलेगी। श्री शर्मा आज जयपुर में राइजिंग राजस्थान के संबंध में आर्थिक क्षेत्र के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में विपुल प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता के कारण निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने आशा जताई कि प्रोफेशनल्स राज्य को निवेश का हब बनाने तथा अधिक से अधिक निवेश लाने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि बिजली, पानी तथा आधारभूत संरचना का योजनाबद्ध तरीके से विकास सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए राज्य सरकार ने बिजली के क्षेत्र में 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में 53 हजार किलोमीटर सड़क नेटवर्क और नौ ग्रीन–फील्ड एक्सप्रेस वे विकसित करने की योजना भी बनाई गई है, जिनसे निवेशकों को और अधिक अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्र भी प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे हैं।

000

केंद्र सरकार ने आज राज्य सरकारों के लिए एक लाख 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि जारी की। वित्त मंत्रालय के अनुसार आगामी त्योहारों और राज्यों के पूंजीगत व्यय में तेजी लाने तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक अग्रिम किस्त जारी की गई है। राजस्थान को 10 हजार 737 करोड़ रूपये की राशि दी गई है। उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक 31 हजार 962 करोड़ रुपये जारी किये गये। इसके बाद बिहार और मध्य प्रदेश को सबसे अधिक राशि का आवंटन हुआ है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा इस अवधि के दौरान शुरू की गई एक नई योजना के बारे में बता रहे हैं। मंत्रालय में स्वतंत्र प्रभार मंत्री जयंत चौधरी ने इस साल जुलाई में मॉडल कौशल ऋण योजना को संशोधित करने की घोषणा की। इसमें सरकार समर्थित गारंटी के साथ साढे सात लाख रूपये तक के ऋण की सुविधा दी गई है, जिससे सालाना 25,000 विद्यार्थियों को लाभ होगा। मौजूदा योजनाओं के अपात्र लोगों के लिए घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिये 10 लाख तक के ऋण के लिये वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिसमें ई–वाउचर प्रत्येक वर्ष 1 लाख विद्यार्थियों के लिए 3 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज छूट की सुविधा देंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों में केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने कई देशों की संस्थाओं के साथ करार किये गए हैं। जयपुर में रास्ट्रीय आयुर्वेद सांस्थान के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने  आज आयुष मंत्रालय की ओर से वर्तमान सरकार की ओर से पहले सौ दिनों में किये गये कार्यों की जानकारी दी। श्री शर्मा ने बताया कि मंत्रालय द्वारा आयुष को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब तक संयुक्त राष्ट्र, वियतनाम, मलेशिया और फिलीपीन्स के साथ समझौते किये जा चुके हैं।

......

000

रीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर आज जयपुर के शिक्षा संकुल में स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। अध्यापक लेवल–1 ओर लेवल–2 की पात्रता के लिए रीट परीक्षा आयोजन की नोडल एजेंसी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान रहेगी। परीक्षा जनवरी 2025 के दूसरे पखवाड़े में होने की संभावना है। बैठक में माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव कैलाश चन्द शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

000

जाने–माने उद्योगपति और समाजसेवी रतन टाटा का आज शाम मुम्बई के वरली स्थित श्मशान घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। दिवंगत हस्ती को अंतिम विदाई देने के लिए केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, पीयूष गोयल, रामदास अठावले, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न उद्योगपति और आमजन मौजूद थे। इससे पहले उनकी पार्थिव देह को अंतिम दर्शनों के लिए राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केन्द्र में रखा गया। गौरतलब है कि श्री टाटा का कल रात मुम्बई के एक अस्पताल में निधन हो गया था।

000

प्रदेश में सभी सरकारी अस्पतालों में मरम्मत और अन्य मेंटीनेंस कार्य योजनाबद्ध तरीके से करवाए जाएंगे। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह ने आज जयपुर में जनाना अस्पताल के निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। चिकित्सा मंत्री ने बैठक में सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि रोगियों, परिजनों और स्वास्थ्य कार्मिकों की सुरक्षा को देखते हुए समय–समय पर अस्पतालों में मेंटीनेंस आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित अभियंताओं के माध्यम से आगामी दो माह में सभी सरकारी अस्पतालों और डिस्पेन्सरीज के भवनों का निरीक्षण करवाकर रिपोर्ट मंगाएं। जहां भी भवन की स्थिति मानकों के अनुरूप नहीं है या भवन पुराना है तो उसके बारे में विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। श्री खींवसर ने कहा कि मेंटीनेंस कार्य टुकड़ों–टुकडों में करवाने के स्थान पर एकीकृत प्लान तैयार करें, ताकि पूरे अस्पताल में आवश्यक मेंटीनेंस कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से हो सकें।

000

आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस है। ये दिन मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाने और दुनियाभर में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को बढावा देने के प्रयासों को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर टेली मानस ऐप और वीडियो कॉल सुविधा लॉन्च की। कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ टेली मानस मूल्यांकन रिपोर्ट और कर्मचारियों के लिए एक स्व–देखभाल मॉड्यूल भी लॉन्च किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त सचिव आराधना पटनायक ने कार्यस्थल पर मानसिक तनाव से निपटने के लिए समाधान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। टेली मानस पर अपर सचिव ने कहा कि यह सरकार की क्रांतिकारी पहल है जिसका तेजी से विस्तार हो रहा है। कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन के भारत में प्रतिनिधि डॉ. रोडेरिको एच. ऑफ्रिन ने कहा कि वैश्विक आबादी का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा किसी न किसी रूप में मानसिक तनाव का सामना कर रहा है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि तनाव, अवसाद और चिंता एक संक्रमण की तरह है जो अन्य लोगों को भी चपेट में ले लेती है. जयपुर के वरिष्ठ मनोरोग चिकित्सक डॉक्टर आई डी गुप्ता का कहना है कि यदि परिवार में एक व्यक्ति तनाव में या अवसाद में आता है तो इससे पूरा परिवार प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि एकाकी जीवन, संयुक्त परिवारों का विघटन ओर काम का दबाव मनोरोग के मुख्य कारण हैं। डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि कार्य स्थल पर मेलजोल की भावना से काम करते हुए तनाव को कम किया जा सकता है।

......

प्रदेश में आज इस मौके पर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता के लिये कार्यकम हो रहे हैं। भरतपुर के भुसावर में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सवाईमाधोपुर और करौली में भी संगोष्ठी हुई, जिसमें कार्य स्थल पर तथा आमजन जीवन में तनाव

मुक्त रहने के लिए नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने, नियमित रूप से व्यायाम और योग अपनाने पर जोर दिया गया।

000

प्रदेश में आज कई जगह मौसम में बदलाव के बाद हल्की बारिश या बूंदा–बांदी हुई है। जयपुर में बादलों की लुकाछिपी के बीच दोपहर में कहीं–कहीं छींटे पड़े। सांचौर, पाली, सवाईमाधोपुर, झालावाड़ जिलों में बादल छाने के साथ ही ठण्डी हवाओं से मौसम खुशनुमा हो गया। इन जिलों में कई स्थानों पर हल्की बरसात हुई जिससे लोगों को उमस से राहत मिली। इस बीच मौसम विभाग ने आज से शनिवार तक कोटा, उदयपुर और अजमेर संभाग में कहीं–कहीं पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे अगले दो दिन फसलों की कटाई नहीं करें और कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें।

000

सांचौर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 68 पर आज एक हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। ये दुर्घटना एक वाहन द्वारा मोटरसाईकिल को टक्कर मारने से हुई। एक अन्य दुर्घटना में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस–वे पर रामगंजमण्डी के लसूडिया गांव के नजदीक टैक्सी पलटने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। ये लोग नागौर जिले के थे और मध्यप्रदेश के उज्जैन में किसी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वापस लौट रहे थे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज राजभवन पहुंच कर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सार्वजनिक निर्माण और महिला बाल विकास मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने भी राज्यपाल से मुलाकात की।

000

गृह मंत्री अमित शाह ने उद्योगों से अपना स्तर और आकार बढ़ाने का आग्रह किया है। आज नई दिल्ली में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि देश के उद्योगों को बड़े सपने देखने होंगे और उन्हें वैश्विक बनना होगा। उन्होंने कहा कि इस सपने को साकार करने के लिए चैंबर्स और उद्योगों को एक साथ आने की जरूरत है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने दो हजार से अधिक पुराने औपनिवेशिक कानूनों को हटाकर, कंपनी अधिनियम में सुधार किया है और 39 हजार से अधिक नियमों के अनुपालन को आसान बनाया है। गृह मंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 भारत के औद्योगिक क्षेत्र के लिए एक निर्णायक वर्ष है।

000